भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1549
दिनांक 09 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न

पशु रक्त आधान और पशु चिकित्सा रक्त बैंक के लिए एसओपी

1549. श्री मनोज तिवारीः

श्री बलभद्र माझीः

श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रहीः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा पशु रक्त आधान और पशु चिकित्सा रक्त बैंक (वीबीबी) के लिए हाल ही में जारी राष्ट्रीय दिशानिर्देशों और मानक संचालन प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और देशभर में राज्य-विनियमित पशु चिकित्सा रक्त बैंकों की स्थापना के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ख) सरकार द्वारा नई अवसंरचना के अंतर्गत वास्तविक समय निगरानी के लिए योजनाबद्ध कोई डिजिटल प्रणाली या रजिस्ट्री सहित जैव सुरक्षा अनुपालन, दाता जांच, रक्त टाइपिंग, आधान निगरानी और प्रतिकूल प्रतिक्रिया रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित तंत्र क्या हैं;

(ग) क्या सरकार द्वारा एक समान राष्ट्रीय अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक डिजिटल रजिस्ट्री या वास्तविक समय निगरानी तंत्र विकसित किया जा रहा है;

(घ) क्या सरकार ने पशु चिकित्सकों, अर्ध-पशु चिकित्सकों और छात्रों के लिए नए दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किए हैं; और

(ङ) यदि हाँ, तो ऐसी पहलों का ब्यौरा क्या है और इसमें कौन-से संस्थान शामिल हैं तथा प्रशिक्षण मॉड्यूल क्या हैं और राज्य-वार कार्यान्वयन की प्रगति क्या है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (ङ) भारत में पशुओं के रक्त आधान/रक्त बैंक के संबंध में पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देश/एसओपी, भारत में पशुचिकित्सा रक्त बैंक तथा आधान पद्धतियां तैयार करने/ बनाने संबंधी मार्गदर्शन हेतु एक परामर्शी रूपरेखा है। इन दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य करने वाले पशुचिकित्सा रक्त बैंकों को राज्य पशुपालन विभाग के तहत पंजीकरण कराना होगा तथा आवश्यक जैव सुरक्षा अनुपालन, दाता जांच (डोनर स्क्रीनिंग), रक्त टाइपिंग, आधान निगरानी और प्रतिकूल प्रतिक्रिया रिपोर्टिंग का अनुपालन करना होगा। सभी हितधारकों में इन दिशानिर्देशों/एसओपी का प्रसार करने के लिए इन्हें दिनांक 27 अगस्त 2025 को विभाग की वेबसाइट पर डाल दिया गया है।

*****